Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 08 July 2024 ● Year : 02 ● Issue : 170 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**सुविचार**

जिस प्रकार बिना जल के धान नहीं उगता, उसी प्रकार बिना विनय के प्राप्त की गई विद्या फलदायी नहीं होती

-भगवान महावीर

Taapsee Pannu Reveals She....

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,900 |
| चांदी | : | 99.30 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## धोनी ने सलमान संग मनाया जन्मदिन

**MUMBAI:** इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपना 43वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस खास मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान भी उनके साथ मौजूद रहे। धोनी का जन्मदिन उनके दोस्तों और परिवार के बीच सेलिब्रेट किया गया। सलमान खान के साथ उनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई। धोनी और सलमान को एक साथ देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। धोनी के फैंस ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई संदेश भेजे।

## कुलगाम में मुठभेड़ छह आतंकी ढेर

**KULGAM :** कुलगाम जिले के चिन्नीगाम में चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक और आतंकी को मार गिराया है। जिले में चिन्नीगाम और मुदेरगाम में दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में अब तक छह आतंकवादी मारे जा चुके हैं। इन दोनों मुठभेड़ में दो सैनिक भी बलिदान हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कुलगाम जिले के चिन्नीगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन के एक कमांडर सहित पांच आतंकवादी मारे जा चुके हैं। चिन्नीगाम में अभी भी सुरक्षाबलों का अभियान चल रहा है। मारे गए आतंकियों के कब्जे से तीन एके 47 और एक पिस्तौल बरामद हुई है।

## भारत ने जिम्बाब्वे से जीता दूसरा टी-20

**NEW DELHI :** भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 में 100 रन से हरा दिया। भारत ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रविवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। अभिषेक शर्मा के शतक और ऋतुराज गायकवाड के 77 रन के सहारे भारत ने 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह जिम्बाब्वे के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, 2018 में ऑस्ट्रेलिया ने 229 रन का स्कोर बनाया था। जवाबी पारी में जिम्बाब्वे 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। यह भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही।

## राजभवन की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**KOLKATA :** केंद्र सरकार ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और पुलिस उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी के खिलाफ आनुशासनात्मक कार्रवाई की है। दोनों पुलिस अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के कार्यालय को बदनाम करने का आरोप है। दोनों पुलिस अधिकारियों पर राज्यपाल के कार्यालय के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने का आरोप है। इससे पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में कोलकाता पुलिस आयुक्त और उपायुक्त पर गलत तरीके से काम करने का आरोप लगाया गया था।

# पुरी रथयात्रा में हादसा, एक श्रद्धालु की मौत, 400 घायल

**PURI (AGENCY) :** पुरी की जगन्नाथ रथयात्रा में रविवार को हादसा हो गया, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 400 से ज्यादा घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को खींचने के दौरान हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को पुरी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

**शाम ढली तो माहौल में छाया सन्नाटा :** पुरी में रविवार को रथयात्रा का उत्सव अपने चरम पर था। लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए उमड़े थे। दोपहर करीब 5.20 बजे पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने रथों की पूजा-अर्चना की और छेरा पहरा रस्म अदा की। इसके बाद जैसे ही भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई, भीड़ बेकाबू हो गई। देखते ही देखते भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे और एक-दूसरे पर गिरने लगे। भगदड़ इतनी ज्यादा थी कि लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

पुरी में निकली रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब ● फोटोन न्यूज

## रांची में उमड़ा जनसैलाब, सीएम हुए शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार (7 जुलाई) को पत्नी कल्पना सोरेन और अपने एक बेटे के साथ रथ यात्रा में भाग लिया। रस्साबंधन के बाद उन्होंने रथ भी खींचा। इसके पहले 3 बजे से ही श्री विष्णुसहस्रनामर्चना शुरू हो गई। इसमें पुरुष और महिला दोनों ने भाग लिया।

**कल्पना सोरेन और बेटे के साथ पहुंचे हेमंत सोरेन :** रथ यात्रा में रांची के सांसद संजय सेठ, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन, उनका एक बेटा, कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल भी रथ यात्रा में शामिल हुए। 5:11 बजे रथ से सीढ़ी को हटा दिया गया। इसके बाद रस्साबंधन हुआ और मुख्यमंत्री ने थोड़ी देर के लिए रथ खींचा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 4:30 बजे जगन्नाथपुर पहुंच गए। 5:10 मिनट पर पूजा-अर्चना खत्म हुई।

जगन्नाथपुर की रथयात्रा में पत्नी के साथ शामिल सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

## बांग्लादेशी घुसपैठियों की खैर नहीं, सीमा पर एआई कैमरों से हो रही निगरानी

### बीएसएफ ने और कड़े किए सुरक्षा इंतजाम

**AGARTALA (AGENCY) :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से इन विशेष कैमरों का उपयोग सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है। बीएसएफ के अधिकारियों का कहना है कि कैमरे और चेहरे की पहचान करने वाले उपकरणों सहित अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है। इससे घुसपैठ, अपराध और अन्य अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

**तस्करों पर नकेल के लिए अभियान :** बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि संवेदनशील सीमा चौकियों पर जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों और तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी बीएसएफ को निर्देश दिया कि घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ा दी जाए। बीएसएफ ने रविवार को कहा कि उसने सीमा पर अपनी सुरक्षा और कड़ी कर दी है। राज्य पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ अभियानों पर ध्यान दिया जा रहा है।

**198 बंग्लादेशी नागरिक पकड़े गए :** बीएसएफ के आईजी ने कहा कि इसके परिणाम जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। मौजूदा वर्ष में 29 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती की गई है और 198 बांग्लादेशी नागरिकों और 12 रोहिंग्याओं को पकड़ा गया है।

# देवघर में तीन मंजिला इमारत गिरी, तीन लोगों की हुई मौत

### आठ घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**DEOGHAR (AGENCY) :** झारखंड के देवघर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नगर थाना क्षेत्र के सीता होटल के पास बमबम बाबा पथ हंसकुप मुहल्ले में एक तीन मंजिला इमारत ढह गयी। हादसे के बाद शुरू हुआ एनडीआरएफ और प्रशासन की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन आठ घंटे बाद खत्म हुआ। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग सुरक्षित निकाले गए।

इस हादसे में मनीष दत्त द्वारी (50), सुनील यादव (35) और सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी (28) की मौत हो गई। दिनेश बर्नवाल, मुन्नी बर्नवाल, सत्यम और अनुपमा देवी घायल हैं, जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर डीसी और एसपी कैंप किया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बताया जाता है कि यह भवन सीताकांत झा का है। तीन मंजिला इस भवन में किराएदार रह रहे थे। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भवन कमजोर होता जा रहा था। इस दौरान ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन का भी काम हो रहा था, जिस वजह से मकान और भी ज्यादा कमजोर हो गया था। शनिवार देर शाम हुई बारिश के बाद मकान रविवार सुबह धंस गया, जिस कारण से दूसरे और तीसरे मंजिल पर रह रहे लोग मकान के अंदर फंस गए।

ध्वस्त हुए मकान की तस्वीर ● फोटोन न्यूज

## गुजरात के सूरत में ढही पांच मंजिला इमारत, मलबे से निकाले गए 7 शव

**SURAT :** सूरत के सचिन डीएमनगर क्षेत्र में पालीगाम में शनिवार दोपहर ढही पांच मंजिला इमारत के मलबे से रविवार सुबह तक 5 लोगों के शव निकाले गए हैं। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या 7 हो गई है। एक महिला को रेस्क्यू टीम ने मलबे से जिंदा निकाला था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य पिछले 12 घंटे से जारी है। सूरत के सचिन स्थित पालीगाम में शनिवार दोपहर ढाई बजे के आसपास एक 5 मंजिला इमारत ढह गई। मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका में फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया था। मलबे से अबतक 7 लोगों के शव निकाले गए हैं जिसमें अभिषेक केवट, साहिल, शिवपूजन केवट, परवेश केवट, ब्रिजेश गौंड शामिल हैं। एक अन्य का शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार शनिवार रात 9.10 बजे मलबे से पहला शव निकाला गया। इसके बाद शनिवार रात 11.50 बजे दूसरा शव निकाला गया।

# हाथरस हादसे पर किया गया चौंकाने वाला दावा

**LUCKNOW :** हाथरस हादसे में मौत की वजह को लेकर साकार हरि के वकील एपी सिंह ने नया दावा पेश किया है। उन्होंने डिब्बों से निकली जहरीली गैस को मौत की असली वजह बताया है। साकार हरि बाबा के वकील एपी सिंह ने रविवार को बताया कि हाथरस में सत्संग के बाद हादसा बाबा की बढ़ती लोकप्रियता के खिलाफ एक साजिश है। हादसे के गवाहों ने उनसे संपर्क किया। गवाहों को कहना है कि 15-16 लोग जहरीली गैस के डिब्बे ले जा रहे थे, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया था। जिससे वहां भगदड़ मच गई। वकील एपी सिंह ने कहा कि मैंने मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखी है और इससे पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है, न कि किसी अन्य कारण से।

### राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**NEW DELHI :** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हाथरस हादसे के पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी का अनुरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल ने अपने पत्र में हाथरस पीड़ितों से मुलाकात और उनसे हुई बातचीत का जिक्र किया है।

### आयोग ने कहा-हर जिम्मेदार से करेंगे बात

**NOIDA:** उत्तर प्रदेश सरकार का न्यायिक आयोग हर उस व्यक्ति से बात करेगा जिससे दो जुलाई को हाथरस में मची भगदड़ के मामले की जांच के लिए बात करना आवश्यक होगा। जांच आयोग के एक सदस्य ने रविवार को यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या स्वयंभू भोले बाबा से पूछताछ की जाएगी।

# अध्ययन में किया दावा-उत्तर भारत में दो दशकों में 450 घन किलोमीटर भूजल घटा

**NEW DELHI (BHASHA) :** उत्तर भारत में साल 2002 से लेकर 2021 तक लगभग 450 घन किलोमीटर भूजल घट गया और निकट भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी मात्रा में और भी गिरावट आएगी। एक नये अध्ययन में यह दावा किया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के 'विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर' और अध्ययन के मुख्य लेखक विमल मिश्रा ने बताया कि यह भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की कुल जल भंडारण मात्रा का करीब 37 गुना है। शोधार्थियों ने अध्ययन के दौरान यह पता लगाया कि पूरे उत्तर भारत में 1951-2021 की अवधि के दौरान मानसून के मौसम (जून से सितंबर) में बारिश में 8.5 प्रतिशत कमी आई। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।

**दरकते पहाड़, उफनती नदियों के बीच मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट**

# उत्तराखंड में बारिश से हाल बेहाल, चारधाम यात्रा रोकी गई

**DEHRADUN (AGENCY) :** दरकते पहाड़, उफनती नदियां और हादसों की आहट... उत्तराखंड में इन दिनों भयावह मंजर दिख रहा है। यहां भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग का जहां रेड अलर्ट है तो सरकार भी आपदा के दृष्टिगत हाई अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा तंत्र भी पूरी तरह चौकन्ना है।

इन दिनों पहाड़ों पर हो रही बारिश की वजह से जगह-जगह लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ता जा रहा है। बारिश के बीच पहाड़ दरक रहे हैं, जो लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। वैसे तो उत्तराखंड में बारिश के मौसम में पहाड़ों का दरकना कोई बड़ी बात नहीं है। यहां रह रहे लोग भले ही इसके आदी हो गए हों, लेकिन बाहरी लोगों के लिए यह मंजर डरा देने वाला है। इन दिनों चारधाम यात्रा भी थम गई है। उत्तराखंड में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले से ही लोगों को आगाह कर दिया है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। राज्य के लोग भी सोच समझकर ही बाहर निकलें।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश के दौरान यात्रा न करने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि जब तक बारिश थम न जाए, आगे की यात्रा न करें। यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वह जहां हैं, वहीं पर रहें। किसी भी दशा में आगे बढ़ना खतरे से खाली नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भारी बारिश के चलते संभावित आपदाओं के दृष्टिगत लोगों से भी सावधानी बरतने व सुरक्षित स्थलों पर रहने की अपील की है।

वहीं उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है।

हरिद्वार, ऋषिकेश, पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चंपावत आदि जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन लोगों को नदियों और नालों के पास नहीं जाने की हिदायत दे रहा है। साथ ही नदियों के किनारे रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बारिश के मौसम में राज्य की कई सड़कें अवरुद्ध हैं।

उत्तराखंड मे बारिश के कारण टूटी सड़क ● फोटोन न्यूज

### बिगड़े मौसम ने यात्रा में डाली रुकावट

उत्तराखंड में मौसम के बिगड़े मिजाज ने चारधाम यात्रा में भारी रुकावट डाल दी है। 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की शुरुआत हुई थी। इसके बाद 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड के चारों धामों की यात्रा विधिवत रूप से शुरू हो गई थी परंतु दो माह भी नहीं बीते और मौसम की मार के आगे चारधाम यात्रा को लेकर प्रशासन के सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने केदारनाथ और अन्य धामों में हो रही बर्फबारी और भारी बारिश के चलते श्रद्धालुओं को जगह-जगह सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया। गढ़वाल मंडलायुक्त व चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन ऋषिकेश अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रियों से अपील की है कि वे सात जुलाई को ऋषिकेश से आगे चारधाम की यात्रा प्रारम्भ न करें। जो तीर्थयात्री जिस जगह पर यात्रा के लिए पहुंच गए हैं, वे उसी स्थान पर विश्राम करें।

# घर के आंगन के उपग्रह से ली गई तस्वीरें होंगी उपलब्ध

**NEW DELHI:** क्या आप अपने घर के आंगन के उपग्रह से तस्वीर लेना चाहते हैं? यह जल्द ही संभव हो सकता है क्योंकि बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप 'पिक्सल' की एक ऐसा ऑनलाइन सॉफ्टवेयर लाने की योजना है जिससे आप उसके उपग्रहों द्वारा पृथ्वी की खींची गयी तस्वीरों को देख सकते हैं। 'पिक्सल स्पेस' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सह-संस्थापक अवैस अहमद ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पृथ्वी निगरानी स्टूडियो शुरू करना अंतरिक्ष आधारित डेटा को बेहद कम शुल्क पर आम आदमी तक उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा है। पिक्सल का यह पृथ्वी निगरानी स्टूडियो 'औरोरा' इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है जिससे उपग्रहों द्वारा ली गई पृथ्वी की 'हाइपरस्पेक्ट्रल' छवियों और डेटा विश्लेषण को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सकेगा।

अहमद ने कहा, यह 'गूगल अर्थ' इस्तेमाल करने जितना आसान होगा लेकिन उपग्रह से ली गयी छवियां अधिक उन्नत होंगी।'

अहमद उन चुनिंदा उद्यमियों में से एक हैं जो अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे हैं।

अहमद ने कहा, 'तस्वीर लेने का काम हमारे उपग्रहों को सौंपा जाएगा और आप भुगतान कर यह तस्वीर ले सकेंगे।'

BRIEF NEWS

## सीजे ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**DUMKA :** झारखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश डॉ विद्युत रंजन सारंगी ने सपरिवार फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। मुख्य न्यायाधीश डॉ सारंगी के बासुकीनाथ धाम पहुंचने पर बासुकीनाथ धाम में विधि व्यवस्था पूरी तरह चुस्त दुरुस्त नजर आई। इस दौरान दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

## अवैध शराब कारोबारी को पुलिस ने पकड़ा

**PALAMU :** जपला आरपीएफ ने रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में छापामारी की। इस दौरान झारखंड से बिहार ले जाई जा रही भारी मात्रा में शराब के साथ मोहम्मदगंज के कदंडा गांव निवासी सूर्यमल कुमार भुइयां की गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा और उप निरीक्षक कार्तिक बिंजा के नेतृत्व ने की गई छापामारी में देसी और विदेशी शराब बरामद की गई है। आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि बरामद शराब का मूल्य 55500 बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से बिहार जाने वाली सभी ट्रेनों में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## हॉस्टल में बच्ची की मौत डेंगू से मरने का दावा

**KHUNTI :** सीएम एक्सीलेंस स्कूल के छात्रावास में रह रही तोरपा की 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान मोनिका होरो के रूप में हुई है। बच्ची अम्मा पकना स्थित उलिहातु गांव की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि उसे बुखार था और उसे सदर अस्पताल भेजा गया था लेकिन वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया लेकिन रिम्स में बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत डेंगू से होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन कोई अधिकारी इस मामले पर कुछ भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं।

## जयप्रकाश जनता दल की प्रदेश समिति का विस्तार

**RANCHI :** कांके ब्लॉक चौक शिव मंदिर रोड स्थित जयप्रकाश जनता दल के प्रदेश कार्यालय में सुबोध कुमार की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में झारखंड प्रदेश समिति का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री अशोक दास ने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश में चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया है एवं समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए हमारा संगठन प्रमुखता से कार्य करेगी। साथ ही लोहिया, जयप्रकाश नारायण, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, कपूर्री ठाकुर के आदर्शों पर जेपी जनता दल कार्य करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि सड़क से लेकर सदन तक गरीबों की आवाज जेपी जनता दल बनेगी।

### शहर के नौ स्थानों से निकली भव्य रथयात्रा, भक्तिमय रहा वातावरण

# भगवान जगन्नाथ के उद्घोष से दिनभर गूंजती रही लौहनगरी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा का रथ रविवार को शहर में धूमधाम से निकला, जिसमें लौहनगरी जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजती रही। शहर के 9 स्थानों से भव्य रथ यात्रा निकली, जिसमें इस्कॉन द्वारा राम मंदिर बिष्टुपुर, बेल्डीह नागा मंदिर, उत्कल एसोसिएशन साकची, गांधी आश्रम न्यू बाराद्वारी, कालीबाड़ी नामदा बस्ती गोलमुरी, बड़ा हनुमान मंदिर मानगो, गीता भवन सोनारी, रथ गली जुगसलाई और जगन्नाथ मंदिर परसुडीह शामिल थे। सभी स्थानों पर भगवान की पूजा-अर्चना के बाद दोपहर करीब तीन बजे सुसज्जित रथ पर आरूढ़ कर भगवान को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान सड़क किनारे श्रद्धालुओं ने महाप्रभु से आशीर्वाद मांगा, जबकि जाने-माने लोगों ने भगवान की सेवा कर आशीर्वाद मांगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उत्कल एसोसिएशन सहित अन्य स्थानों पर रथयात्रा में शामिल हुए। इसके साथ ही भगवान मौसी बाड़ी चले गए, जहां से 8 दिन बाद घुरती रथ निकलेगी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ, भगवान विष्णु के अवतार और कृष्ण के स्वरूप माने जाते हैं। रथयात्रा परिवार के सदस्यों के साथ जीवन की यात्रा का प्रतीक है। मंदिर से भगवान का उदय पृथ्वी पर सामान्य मनुष्यों के बीच उनकी उपस्थिति का प्रतीक है, यह पर्व हमारे अतुल्य भारत में अनेकता में एकता का उदाहरण है। महाप्रभु श्री जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र की ईश्वरीय त्रिमूर्ति हम सभी का जीवन सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं धन-धान्य से परिपूर्ण करें।

रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

## लोहरदगा के ठाकुरबाड़ी और जगन्नाथ स्वामी मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

मंदिर परिसर में जुटे भक्त। ● फोटोन न्यूज

**LOHARDAGA :** जिले के सभी ठाकुरबाड़ी मंदिरों और प्रभु जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान परंपरानुसार संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन शुभद्रा और भाई बलभद्र का भव्य श्रृंगार किया गया। ठाकुरबाड़ी मंदिरों में पौ फटने के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्री शंकर न्यास ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। संध्या काल में प्रभु की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन शुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ हो मौसी के घर घूमने गए। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का रथ बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ खींचा गया। नौ दिनों के पश्चात प्रभु घर लौटेंगे। ठाकुरबाड़ी के अलावा नगर के तिवारी दुरा मंदिर और तेतरतर स्तिथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु का दर्शन और पूजा अर्चना किया।

# छावनी परिषद के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन

आंदोलन के लिए बैठक करते किसान। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ छावनी परिषद के अधिकारी किसानों और सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी की जड़ बन चुके हैं। अक्सर सब्जी विक्रेताओं के साथ उनके कर्मी बदतमीजी करते हैं। सब्जी बेचने आने वाले महिला और पुरुषों को कोई स्थाई जगह तक नहीं मुहैया कराई जाती। छावनी परिषद की अधिकारियों को इन सारी बातों की जानकारी तो है, लेकिन कोई पहल नहीं करते। लिहाजा अब किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। रविवार को शहर के पटेल छात्रावास में किसानों और सामाजिक कार्यकताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो और संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से किसान सहयोग समिति का गठन किया गया। यह समिति किसानों के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। आंदोलन की शुरूआत छावनी परिषद के सीईओ को ज्ञापन देने से की जाएगी। सोमवार को किसान सहयोग समिति का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन के माध्यम से स्थाई डेली मार्केट निर्धारित करने, शौचालय , शेड तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग करेगा। ज्ञापन देने के लिए मुर्रम कला, कांकेबार, चेटर, गोसा, बूढ़ाखुखरा, गंडके, गोडातू , दोहाकातू, उसरा, जमीरा , बहातू, चाहा, छत्तर, कुन्दरू, बारलौंग, कोठार, कैथा, हहूवा , गोबरदरहा आदि गावों के सैंकड़ों की संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी ,किसान आदि शामिल होंगे ।

# मरम्मत के दौरान गिरा मकान, मलबे में दबने से एक महिला की मौत, एक घायल

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले के अड़की प्रखंड क्षेत्र में मरम्मती के दौरान एक किसान का मकान गिर गया। मकान के मलबे में दबने से किसान की पत्नी की मौत हो गई। वहीं उनका एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। दो अन्य बेटों को मामूली चोटें आई हैं। घटना अड़की प्रखंड क्षेत्र के के पुरनानगर की है। मृतिका की पहचान किसान युधिष्ठिर की पत्नी बिनीता देवी के रूप में हुई है। वहीं उनका 15 वर्षीय बेटा रूपेश प्रमाणिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं महादेव प्रमाणिक और विशाल प्रमाणिक को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब किसान युधिष्ठिर प्रमाणिक बारिश से बचने के लिए कुछ लोगों के साथ अपने घर की मरम्मत करवा रहे थे, तभी अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई। जिसके कारण युधिष्ठिर की पत्नी और दो बच्चे खपेड़ल घर के नीचे दीवार में दब गए। शोरगुल सुनकर ग्रामीण जुटे और मिट्टी में दबे लोगों को बाहर निकाला गया और तुरंत सभी को रिम्स ले जाया गया। रिम्स में महिला की मौत हो गई जबकि 15 वर्षीय बेटा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। इस हादसे में दो अन्य बेटे भी घायल हो गए हैं। इस हादसे के बाद अड़की प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी गरीब किसान की मदद के लिए आगे आए हैं। पूरनानगर के समाजसेवी कमलेश प्रमाणिक ने बीडीओ और थाना प्रभारी को घटना की जानकारी देते हुए सरकारी लाभ दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि युधिष्ठिर और उसका परिवार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

क्षतिग्रस्त मकान। ● फोटोन न्यूज

## युवक को गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

**RAMGARH :** पुलिस ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में गोलीबारी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें सायल शिवाजी रोड निवासी शिवराज उर्फ शिवा और सायल पीपला सेंटर निवासी विक्रम कुमार शामिल हैं। एसपी डॉ बिमल कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पांच जुलाई को पोड़ा गेट के पास रात 9:00 बजे ओमप्रकाश शाह पर गोली चली थी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज अभी भी मेदांता अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि ओम प्रकाश शाह और शिवराज और शिवा के बीच आपसी रंजिश थी, जिसकी वजह से उसने उसपर गोली चलाई। इस मामले में तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर जांच शुरू की गई।

# निर्दयी मां ने जंगल में ले जाकर दो मासूम बच्चों को जहर देकर की हत्या

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह में एक निर्दयी मां ने अपने दो मासूम बच्चों की हत्या जहर देकर कर दी। 8 साल की राधिका सोरेन और 6 साल के मासूम सचिन सोरेन को उनकी निर्दयी मां सोना देवी ने पीरटांड़ थाना के जंगल में ले जा कर जहर खिलाई, और दोनों की मौत हो गई। ये दोनों मासूम के पिता सुख लाल सोरेन को भी पता नहीं चला। क्योंकि, वो खाना खा कर रात में सो गया था। वही दूसरे दिन रविवार की सुबह जब कुछ ग्रामीण पशु चराने जंगल गए, तो देखा कि जंगल के नाले में दोनों मासूम का शव फेंका हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सुख लाल सोरेन को दिया। तो पिता सुख लाल सोरेन अपने दोनों बच्चो के शव को देख कर वही बेसुध हो गया। गनीमत तो ये रहा कि दोनों मासूम के शव पर किसी जंगली जानवर की नजर नहीं पड़ा। वही आरोपी मां सोना देवी अपने तीसरे मासूम को लेकर फरार हो गई। लेकिन दोनों मासूम की हत्या कर और अपने तीसरे मासूम को लेकर कहा फरार हुई। ये भी स्पष्ट नहीं हुआ है। घटना पीरटांड़ थाना इलाके के धावाटांड गांव का है तो पीरटांड़ पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही एसडीपीओ सुमित प्रसाद भी मामले में नजर रखे हुए है। लेकिन 8 साल की मासूम राधिका सोरेन और 6 साल के सचिन सोरेन की मां सोना देवी ने हत्या क्यों की, और अपने तीसरे मासूम को लेकर फरार क्यों हुई। इस दौरान जानकारी मिलने के बाद पीरटांड़ थाना प्रभारी भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गए।

घटना की जानकारी होने पर दुखी ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

# एक ही परिवार के तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

घटना के बाद गमगीन परिजन। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** जिले के जामा थाना क्षेत्र के महारो मोड़ पर ओवरब्रिज के नीचे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक से जा रहे एक परिवार के तीन युवकों को रौंद दिया। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे में ट्रक का चालक भी घायल है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। दरअसल दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुखराली गांव के एक परिवार के तीन युवक नयन पाल, चयन पाल और मिथुन पाल जो आपस में चचेरे भाई हैं, शनिवार की शाम अपने फूफा के घर गये थे। उनके यहां दो दिवसीय नाग पूजा का आयोजन था। शनिवार रात तीनों ने पूजा के अवसर पर आयोजित भंडारे में भाग लिया और आज वहां से अपने घर मुखराली लौट रहे थे। वे अपने घर से महज 6-7 किलोमीटर दूरी पर थे कि उसी वक्त दुमका शहर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

## खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर उड़ाए

**RAMGARH :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के डूबाखेत मोहल्ले में चोरों ने एक घर से लाखों रुपए के जेवर चुरा लिए हैं। इस मामले में रविवार को घर की मालकिन गुंजन कुमारी के द्वारा रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। गुंजन कुमारी ने पुलिस को बताया है कि शनिवार की रात वह अपने घर में बच्चों के साथ सोई हुई थी। जब सुबह उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनके घर का एक खिड़की टूटा हुआ है। जब उन्होंने अन्य कमरों की छानबीन की तो पता चला कि उनके घर में रखे दो आलमारी और चार बक्सों का ताला चोरों ने तोड़ दिया है। अलमारी और बक्से में रखे लाखों रुपए के जेवर चोर उड़ा ले गए हैं। चोरी गए जेवर में सोने का हार, मंगलसूत्र, गले का चेन, मांग टीका, अंगूठी, कंगन, पायल व अन्य जेवर शामिल हैं।

# लोहरदगा में बढ़े सर्पदंश के मामले प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे मरीज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** जिले में सर्पदंश के मामले में अचानक बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024 में अब तक सर्पदंश से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं पिछले माह जून में सर्पदंश के 38 मामले सामने आए थे। जुलाई में भी लगभग हर दिन सर्पदंश के मामले आ रहे हैं। इस कारण लोग सहमे हुए हैं। जून के महीने से सर्पदंश के मामलों में बढ़ोतरी का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। हर दिन लोहरदगा सदर अस्पताल में दो से तीन सर्पदंश के मामले पहुंच रहे हैं।ज्यादातर मामलों में देखा जाता है कि सांप के डसने के बाद लोग इलाज कराने की बजाय अंधविश्वास के चक्कर में झाड़-फूंक कराते हैं। जिसकी वजह से लोगों की मौत हो जाती है। वहीं कई बार सांप के काटने के बाद लोग डर के कारण अटैक से मर जाते हैं। लोहरदगा में विशेष रूप से दो खतरनाक जहरीले सांप पाए जाते हैं। जिसमें कोबरा और करैत शामिल है। साल 2024 में कोबरा और करैत के काटने के कई मामले सामने आए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल बरसात में ही नहीं, बल्कि गर्मी के मौसम में भी सर्पदंश के मामले काफी अधिक सामने आए थे। ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से धरती गर्म होने लगी और सांप बाहर आने लगे थे। जिसकी वजह से सर्पदंश के मामले बढ़ गए थे। राहत वाली बात यह है कि लोहरदगा सदर अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। गंभीर विषय यह है कि ज्यादातर लोग सांप काटने के बाद इलाज कराने की बजाय झाड़-फूंक पर ज्यादा ध्यान देते हैं।

## दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, मामला दर्ज

**RAMGARH :** शहर का पंचवटी अपार्टमेंट का पार्क शनिवार की रात जंग का मैदान बन गया। यहां दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। कोई बैट-विकेट लेकर तो कोई गमला फेंक कर जानलेवा हमला कर रहा था। किसी के हाथ में चाकू था तो किसी के हाथ में बेल्ट। इस मामले में दोनों गुटों की तरफ से रविवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहली प्राथमिक नानक ढाबा होटल के मालिक जितेंद्र सिंह पवार ने दर्ज कराई है। इस प्राथमिक में उन्होंने कहा है कि वह जब पार्क में पहुंचे तो अरुण गोयल ने गमला फेंक कर उन पर जानलेवा हमला किया। साथ ही उनके साथ मारपीट की। जब राजेश कुमार उन्हें रोकने गए तो उन्हें भी बेल्ट से पीटा गया। इसके बाद उनके बेटे और भतीजे भी जब वहां पहुंचे तो अरुण गोयल के द्वारा उन दोनों की भी पिटाई की गई।

### कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़, कांग्रेस-झामुमो-राजद परिवार की पार्टी: बाबूलाल मरांडी

# अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए गए बीजेपी कार्यकर्ता

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में पार्टी कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने अंगवस्त्र एवं पटका देकर बूथ के कार्यकताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है। केवल चुनाव ही नहीं, बल्कि दिन-प्रतिदिन होने वाले सांगठनिक कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही सफल बनाता है। अभियान को पूरा करता है। मरांडी ने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं। वैचारिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के सहयोगी हैं। ऐसे कार्यकताओं के बल पर ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस ने दुष्प्रचार की पराकाष्ठा कर दी। क्या-क्या नहीं कहा। संविधान बदलने से लेकर आरक्षण खत्म करने का दुष्प्रचार किया। लोगों को भड़काए लेकिन जनता ने भाजपा एनडीए को वोट दिया। साथ ही कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है जबकि कांग्रेस-झामुमो-राजद परिवार की पार्टी है। मरांडी ने कहा कि नेताओं को तो रोज सम्मानित किया जाता है लेकिन कार्यकर्ता चुपचाप काम में जुटा रहता है। जनता के सवालों से जूझता है। जनप्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों को सुनता है और सब कुछ सहन कर जनता की सेवा में जुटा रहता है। समस्याओं के समाधान में हर संभव प्रयास करता है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में एनडीए को 81 लाख से ज्यादा वोट मिले जबकि इंडी एलायंस 61 लाख पर ही सिमट गया। राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत हुई। 52 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए की जीत हुई। राज्य में सत्ताधारी गठबंधन के तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित सातमंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में इंडी एलायंस के प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके। मरांडी ने कहा कि जनता का इशारा और इरादा स्पष्ट है। जनता ठगबंधन सरकार के लूट, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आज विकास के काम ठप हैं। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। पुलिस प्रशासन केवल उगाही में लगा है। किसी कार्यालय में बिना पैसे का कोई काम नही हो सकता। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। व्यापारियों को जेल से धमकी मिलती है। रंगदारी नहीं देने पर जान खतरे में है। पिछले साढ़े चार वर्षों में एक भी उद्योग राज्य में नहीं लगा। मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन परिवार को सत्ता की भूख ऐसी कि बिना कोई आरोप के अपने ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार को राज्य को लूटने के लिए सत्ता चाहिए उन्हें जनता के विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे लोकसभा चुनाव में इंडी एलायंस को धूल चटाई है वैसे ही विधानसभा चुनाव में अपने परिश्रम और प्रभाव से झारखंड से भी भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने जैसे राज्य बनाया है वैसे ही राज्य का विकास भाजपा और एनडीए सरकार ही कर सकती है।

कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित बाबूलाल मरांडी व अन्य भाजपा नेता। ● फोटोन न्यूज

# 'सरकार में आते ओबीसी समाज को देंगे अधिकार'

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस राज्य की एक बड़ी आबादी के साथ इस राज्य की सरकार खिलवाड़ कर रही है। राज्य सरकार ने चुनावी घोषणा में वादा किया था कि जैसे ही सरकार में हम आएंगे 6 माह के अंदर ओबीसी समाज का अधिकार देने का काम करेंगे। लेकिन सरकार के विदाई वर्ष में भी इस राज्य के ओबीसी समाज के साथ लॉलीपॉप दिखाने का काम किया गया। वे रविवार को ओबीसी एकता अधिकार मंच के अरगोड़ा स्थित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बैठे मंत्री और मुख्यमंत्री केवल घोषणाएं करते हैं, धरातल पर एक भी काम नहीं हो रहा है और ओबीसी समाज को छला जा रहा है। हम ओबीसी समाज की लड़ाई को मजबूती के साथ विधानसभा में रखने का काम करेंगे और हम ओबीसी समाज के लोगों से आग्रह करते हैं कि इस लड़ाई को मजबूती के साथ एकजुटता के साथ खड़ा होकर लड़ाई लड़े ताकि ओबीसी समाज का हक अधिकार मिल सके। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ओबीसी समाज के साथ हम कंधों से कंधा मिलाकर चलेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित सुदेश महतो।

BRIEF NEWS

## एडीजी अभियान आज करेंगे समीक्षा बैठक

**RANCHI :** एडीजी अभियान कल सोमवार को जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी व एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में डायल-112 इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) के कार्यों से संबंधित छह बिंदुओ पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि डायल-112 एक इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) है। यह केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से किसी भी मुसीबत में सिर्फ एक ही नंबर याद रखना होगा और किसी भी समय कॉल कर पुलिस की सहायता ले सकते हैं। वर्तमान में अपराध संबंधित सूचना के लिए डायल-100, आग लगने की स्थिति में डायल 101 और एंबुलेंस के लिए डायल 108 पर संपर्क करना पड़ रहा है।

## सम्मान समारोह 14 को

**RANCHI :** झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति के समारोह का आयोजन रांची प्रेस क्लब में 14 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिरोमणि महतो व महासचिव नीरज नीर ने बतया कि दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में 12 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में बिरसा मुंडा शिखर सम्मान- जयनंदन, जमशेदपुर को समग्र साहित्यिक अवदान के लिए दिया जाएगा।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगाए 221 पौधे

**RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से आयोजित वन महोत्सव सप्ताह के तहत- एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम में रविवार को गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके के परिसर में वृहद पैमाने पर पौधरोपण अभियान सह जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि वाईबीएन विश्वविद्यालय के निदेशक रामजी यादव, मौजूद थे। कार्यक्रम के तहत कॉलेज महाविद्यालय परिसर में जामुन, नीम, पीपल, अमरूद, आंवला, अशोक, अर्जुन, गुलमोहर आदि के 221 पौधे एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगाए और उनका संरक्षण करने का भी संकल्प लिया।

## अनुबंध कर्मियों की मांग पूरी नहीं हुई तो 20 से आंदोलन

**RANCHI :** झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ झारखंड के केंद्रीय समिति की बैठक प्रेस क्लब रांची में विक्रांत ज्योति की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक का संचालन सुशील कुमार पाण्डेय केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के संविदा कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान सरकार विगत पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में संविदा संवाद में दिए गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वक्तव्यों का अनुपालन नहीं हो सका।

### सियासी गलियारों में मंत्री बनने वाले विधायकों के नामों की चर्चा तेज

# आज विस में बहुमत साबित करेंगे हेमंत, कैबिनेट का होगा विस्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना है। विधानसभा में विभिन्न दलों के विधायकों की संख्या के आधार पर देखें तो उनकी जीत आसान है। इस बीच सियासी गलियारों में ऐसी सूचना तैर रही है कि बहुमत साबित करने के बाद हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को ही या मंगलवार को हो सकता है।

**कल्पना भी बन सकती है मंत्री :** इसके साथ झारखंड में मंत्री बनने वालों की नाम पर भी चर्चा तेज हो गई है। चर्चा यहां तक है कि हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को भी मंत्री बनाया जा सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार पर जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय के अनुसार, इस बार जेएमएम से एक नए मंत्री का चेहरा सामने आ सकता है। दरअसल हाल के दिनों में सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन जिस तरह से झारखंड की राजनीति में सक्रिय हुई हैं, उसके मुताबिक आने वाले दिनों उन्हें निश्चित तौर पर कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### बैद्यनाथ राम बन सकते हैं 12वां मंत्री

सोरेन मंत्रिमंडल में सीएम को छोड़कर 6-4-1 के फॉर्मूले के तहत कैबिनेट का विस्तार होगा। मतलब सोरेन कैबिनेट में इस बार 6 जेएमएम, 4 कांग्रेस और 1 आरजेडी कोट से मंत्री बन सकते हैं। नए कैबिनेट में मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन, बेबी देवी, सत्यानंद भोक्ता का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। जेएमएम से बैद्यनाथ राम को 12वें मंत्री के तौर पर मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

### इरफान अंसारी का मंत्री बनना लगभग तय

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में कांग्रेस के जिन विधायकों के शामिल होने की चर्चा है, उनमें डॉ. इरफान अंसारी का नाम भी शामिल है। जामताड़ा विधायक इरफान का मंत्री बनना लगभग टाइम माना जा रहा है। बता दें कि टेंडर कमीशन घोटाला में आलमगीर आलम की गिरफ्तारी और फिर मंत्रिपद से इस्तीफे के बाद कांग्रेस कोटे के 3 ही मंत्री रह गए थे। आलमगीर आलम की जगह नया मंत्री बनाया जाना था। अब अल्पसंख्यक समुदाय से इरफान अंसारी ही एकमात्र विधायक हैं, इसलिए उन्हें मंत्री बनाया जाएगा।

### भाजपा नेता कुणाल ने पार्टी से किया रिजाइन

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता कुणाल षाड़ंगी ने पार्टी से रिजाइन कर दिया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने अपने इस्तीफे की कॉपी पोस्ट करके यह जानकारी दी है। इस्तीफे की प्रति कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को भी भेजी है। बता दें कि कुणाल ने 4 जुलाई को हेमंत सोरेन के शपथ लेने पर उनको सोशल मीडिया साइट एक्स के जरिए बधाई दी थी। हेमंत सोरेन को भैया कहकर संबोधित किया था। कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को संबोधित पत्र में लिखा है- पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र। उन्होंने कहा है कि गहन चिंतन एवं आत्ममंथन करने के बाद यह फैसला किया है। पत्र में लिखा है कि पिछले कई महीने से महसूस कर रहा हूं कि कई बार पूर्वी सिंहभूम जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े विषयों और संगठनात्मक विषयों को आप तक पहुंचाया। जब प्रदेश प्रवक्ता के पद से

कुणाल षाड़ंगी ● फोटोन न्यूज

इस्तीफा दिया था, तो मुझे उम्मीद थी कि मैंने जो विषय पार्टी के समक्ष रखे हैं, उसका पार्टी संज्ञान लेगी, लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। कुणाल ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले की जनता के हित में जरूरी है कि मैं उनकी आवाज को जोरदार तरीके से बुलंद करूं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाऊं, भाजपा में रहकर मैं ऐसा कर पाऊंगा, ऐसा मुझे नहीं लगता। इसलिए आपसे आग्रह है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार करें।

### अस्पताल में भर्ती, स्थिति गंभीर

# पूर्व पार्षद वेद सिंह को अपराधियों ने मारी गोली

अस्पताल में बाहर जुटे लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व पार्षद को अपराधियों ने गोली मार दी है जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धुर्वा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने ये दुस्साहस की है। अपराधियों ने पूर्व पार्षद वेद सिंह को सरेशाम गोली मार दी। वेद सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया जब वे रविवार की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन हमलावर मौके पर पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दिया। अपराधियों के द्वारा की गई गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगने की सूचना है।

### रेकी कर मारी गोली

वेद सिंह धुर्वा के जाने माने व्यक्ति हैं, वह हर रोज शाम में समय मे बस स्टैंड स्थित चाय दुकान पर आकर बैठा करते थे। वेद सिंह पर हमला करने के लिए अपराधियों ने रेकी की थी, अपराधी जानते थे की वेद सिंह हर दिन चाय दुकान पर आते हैं, इसीलिए वहीं पर उन पर हमला किया गया।

स्थानीय लोगों के द्वारा वेद सिंह को नजदीक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। गोलीबारी के समय चाय दुकान में भगदड़ मच गई, इसी क्रम में गोली मारने वाले अपराधी का पिस्टल भी मौके पर गिर गया।

## जिलों में तैनात 10 एसआई का विशेष शाखा में तबादला

**RANCHI :** राज्य के जिलों में तैनात 10 एसआई का तबादला विशेष शाखा किया गया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। विशेष शाखा के अनुरोध पर यह तबादला किया गया है। इसमें बोकारो जिलाबल में तैनात एसआई अशोक कुमार सिंह, प्रदुम्न सिन्हा, रांची जिलाबल में तैनात एसआई अभय कुमार ओझा, बंधन तिर्की, सुनील कुमार, जमशेदपुर जिलाबल में तैनात एसआई जीतवाहन महतो, विराज हेंब्रम, धनबाद जिलाबल में तैनात एसआई रणवीर कुमार सिंह, सुक्का उरांव और साहेबगंज जिलाबल में तैनात अनिल उरांव का तबादला विशेष शाखा रांची किया गया है। संबंधित एसएसपी ओर एसपी को अविलम्ब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन भी मांगा गया है।

# सीआईडी ने की थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की अनुशंसा

**PHOTON NEWS RANCHI :** कैरेक्टर वेरीफिकेशन में लापरवाही बरतने के मामले में बरियातू थानेदार पर सीआईडी ने कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। सीआईडी के द्वारा बरियातू थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियो को निलंबित करने की अनुशंसा की गई है। रांची के जाने-माने बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार ने बरियातू थानेदार सुरेश मंडल, सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आफताब और थाने के मुंशी उदयकांत के खिलाफ सीआईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। सीआईडी को दिए आवेदन में बैद्यनाथ कुमार ने यह लिखा था कि उन्हें एक आवश्यक कार्य के लिए चरित्र प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। चरित्र प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए उनके कागजात को बरियातू थाना भेजा गया था। चरित्र प्रमाण पत्र को लेकर बैद्यनाथ कई बार बरियातू थाना गए, लेकिन उनकी मुलाकात बरियातू थानेदार से नहीं हो पा रही थी। बैद्यनाथ के अनुसार 6 मई को उन्हें थाने से फोन कर बुलाया गया। थाना पहुंचने के बाद बैद्यनाथ सीधे बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल से मिले तो थाना प्रभारी ने बैद्यनाथ को मुंशी उदयकांत से मिलने के लिए भेज दिया। मुंशी उदयकांत ने बैद्यनाथ को बताया कि आपके खिलाफ कई सारे केस दर्ज हैं। इस पर बैद्यनाथ ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि इसी थाने से कई बार उनका चरित्र प्रमाण पत्र जारी हो चुका है, लेकिन मुंशी ने बैद्यनाथ से कहा कि वह जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर आफताब से जाकर मुलाकात कर लें। बैद्यनाथ का आरोप है कि इस दौरान मुंशी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। वहीं जब बैद्यनाथ ने सब इंस्पेक्टर आफताब से मुलाकात की तो सब इंस्पेक्टर ने कहा कि आपका कैरक्टर सर्टिफिकेट पूर्व में बनाने वाले पदाधिकारी आपके रिश्तेदार होंगे, मैं तो आपके खिलाफ रिपोर्ट कर रहा हूं।

### कैरेक्टर वेरिफिकेशन में गड़बड़ी का मामला

## पुलिस जीप दीवार से टकराई तीन पुलिसकर्मी हुए घायल

**RANCHI :** रांची पुलिस की जीप दीवार से टकरा गयी। इस हादसे में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। यह हादसा शनिवार की देर रात करीब दो बजे बरियातू थाना क्षेत्र के चाचा पराठा के पास हुई है। जहां बरियातू थाना की पुलिस जीप अनियंत्रित होकर एक दीवार से जा टकरायी। इस हादसे में ड्राइवर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घायलों में ड्राइवर अशोक उरांव, जमादार उदयकांत और एक अन्य जवान शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमादार उदयकांत शनिवार की रात एक जवान और ड्राइवर को लेकर रात्रि पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। करीब दो बजे सभी पेट्रोलिंग कर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गयी और जीप अनियंत्रित होकर सीधे सामने की दीवार से जा टकरायी। हादसे में पुलिस की जीप भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।

# हरिओम टावर से कूदकर छात्र ने की आत्महत्या

**PHOTON NEWS RANCHI :** लालपुर थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित हरिओम टावर से छलांग लगाकर शनिवार देर रात एक छात्र अंकित ने आत्महत्या कर ली। लातेहार जिले का रहने वाला अंकित रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। वह रांची के पंडरा इलाके में रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

सुसाइड नोट में लिखा-अब कोई रास्ता नहीं बचा : अंकित की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में बहुत कुछ स्पष्ट तो नहीं है, लेकिन इतना जरूर लिखा है कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था और अब उसके पास कोई

रास्ता नहीं बचा है। उसने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उसकी आत्महत्या के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। उसने परिवार वालों को अच्छे से रहने और दादी का ख्याल रखने को कहा है। हरिओम टावर के गार्ड ने बताया कि टावर की सभी दुकानें लगभग बंद थीं, उसी दौरान कुछ गिरने की तेज आवाज आई। जाकर देखा तो जमीन पर एक युवक पड़ा था, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सुसाइड नोट में अपने परिवार के मोबाइल नंबर का उल्लेख था, जिसके माध्यम से पुलिस ने संपर्क कर घटना की सूचना परिजनों को दी। अंकित के पिता पेशे से ड्राइवर हैं।

# रंगा-बिल्ला समेत छह धराए बच्चों से करवाते थे चोरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची में बच्चों का गैंग बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिलाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की अगुवाई में गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमे से एक नाबालिग है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 13 जून की रात टाटा सिल्वर स्थित मिश्रा कम्युनिकेशन नाम की मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में एक नाबालिग सहित कुल 6 लोगों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आईफोन सहित 31 से ज्यादा महंगे मोबाइल सेट बरामद किए गए हैं, जो सभी चोरी के हैं। एसएसपी

ने बताया कि इस मामले में कुख्यात पवन कुमार उर्फ रंगा बिल्ला, सुंदर कुमार उर्फ गोलू, राजू कच्छप, गोविंद पंडित और चंदन गाड़ी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में चोरी के मोबाइल खरीदने वाला चंदन गाड़ी भी शामिल है। रांची एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज निकलने पर यह जानकारी मिली कि चोरी को अंजाम देने के लिए इस बार भी कुछ नाबालिगों का इस्तेमाल किया गया था।

## रांची में हथियार और नकदी के साथ बदमाश गिरफ्तार

**RANCHI :** राजधानी की मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सहजाद अंसारी उर्फ सोनू है। वह मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ आजाद नगर का रहने वाला है। इसके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल, एक छोटी कैची और चार हजार चालीस रुपये बरामद किया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अपराधी अवैध हथियार के साथ खलारी बाजार टांड में घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

# श्री महावीर दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को रांची के इंद्रपुरी स्थित श्री महावीर दुर्गा मंदिर के आठवे वार्षिकोत्सव पर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें 501 कलशधारी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश शोभा यात्रा सुबह नौ बजे मंदिर परिसर से शुरू हुई। मंदिर समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की अगुवाई में कलशधारी महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमते और जयघोष करते हुए रातू रोड के रास्ते रानी सती मंदिर आयीं। यहां से कलश में पवित्र जल भरकर सभी वापस मंदिर गये।

कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

रानी सती मंदिर से लाये गये जल से कल सोमवार को मंदिर की शुद्धि की जायेगी। पुजारी प्रतीक पाठक नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान संपन्न करायेंगे। सामुहिक आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। सुधीर साहू ने बताया कि रात आठ बजे से मां भवानी जागरण शुरू होगा। स्थानीय भजन मंडली के कलाकार रातभर भक्ति गीतों की सरिता बहायेंगे।

## 10 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 पैकेट में 10 किलो गांजा, चार मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के वैशाली निवासी अनुराग राय उर्फ अनुराग यादव, बिहार के पटना निवासी धीरज कुमार, तमाड़ निवासी जीत वाहन स्वांसी और अमित स्वांसी शामिल हैं। सभी सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के चुनाभट्ठा चौक स्थित राजेश शर्मा के मकान में किराएदार के रूप में रह रहे थे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र की बरामदगी के लिए एसएसपी रांची ने एक टीम गठित की है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर का किया निरीक्षण, बोले-

# गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता

**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रातु रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों से 15 नवंबर तक काम पूर्ण करने को कहा ताकि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर रांची की जनता को समर्पित किया जा सके।

सेठ ने कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है। ऐसे महान विभूति के जयंती पर इस कॉरिडोर का उद्घाटन हो इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को खेलने के लिए कहीं मैदान नहीं बचा है। कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का स्पेस है। इस स्पेस में बच्चों को खेलने की व्यवस्था रात 9 से 11 के बीच सुनिश्चित करें। रविवार को पूरे दिन यह सुविधा हो। खेल का आयोजन ओलंपिक संघ के देखरेख में होगा। वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, इंडोर गेम सहित अन्य खेलों का आयोजन हो सके। झारखंड पूरे देश को एक प्रेरणा दे सके। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। नाली का निर्माण वाटर लेवल लेकर करें ताकि बरसात में पानी रोड पर ना बहे। यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए और कोई जरूरत हो उसे हम पूर्ण करेंगे। रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी अधिकारियों को सुझाव दिया और लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए काम करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के सभी वरीय पदाधिकारी, भाजपा के महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, सत्यनारायण सिंह, ललित ओझा, संजय जायसवाल, पार्षद ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के बात करते संजय सेठ। ● फोटोन न्यूज

### पिलर पर करें हैंगिंग गार्डन का निर्माण

सेठ ने कहा कि फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे सोहराय पेंटिंग एवं ट्राईबल पेंटिंग की जाए। फ्लाई ओवर के ऊपर लाइट की व्यवस्था और नीचे कलरफुल लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां-जहां आबादी अधिक है वहां-वहां कट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही जहां मार्केट है और पार्किंग की व्यवस्था नहीं है वहां पर पार्किंग के लिए जगह छोड़ें।

# क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के घर के बाहर प्रशंसकों ने मनाया जन्मदिन

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रविवार को 43वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर देशभर में उनके प्रशंसक उनका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। राजधानी रांची में भी प्रशंसकों ने कैप्टन कूल माही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। प्रशंसकों ने सिमलिया स्थित धोनी के घर के बाहर केक काटा और कट आउट पोस्टर पर उनको केक खिलाया। धोनी के प्रशंसक सुबोध कुशवाहा और कुश्माही एकेडमी के कोच बच्चों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज माही का 43वां जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर हम कामना करते हैं कि वह हमेशा खुश रहें और आगे भी क्रिकेट खेलते रहे। अहमदाबाद से आये एक प्रशंसक ने कहा कि वह सिर्फ धोनी को देखने और उनका जन्मदिन मनाने अहमदाबाद से रांची आये हैं लेकिन उन्हें अफसोस है कि धोनी से मुलाकात नहीं हो पायेगी। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार नहीं तो अगली बार जरूर उनसे मुलाकात होगी। सात जुलाई, 1981 को धोनी का जन्म तत्कालीन बिहार के रांची में हुआ।

धोनी का जन्मदिन मनाते फैंस। ● फोटोन न्यूज

# बर्मामाइंस में चोरी की एक दर्जन बाइक के साथ नया गैंग धराया

## कंपनी गेट के पास पार्किंग से बाइक की चोरी करता था कालू

**PHOTON NEWS JSR :** बर्मामाइंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिसमें लाल बाबा फाउंड्री निवासी सतपाल सिंह और जुगसलाई निवासी अंकित सोनकर उर्फ छोटू शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की कुल 12 बाइक, बाइक चोरी करने के लिए इस्तेमाल में आने वाली मास्टर चाबी और चार वाहनों की फर्जी आरसी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने अन्य जगहों से 7 लावारिस बाइक भी बरामद किया है, जिसे बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में पाया गया। पुलिस मान रही है कि यह बाइक भी चोरी की है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बमार्माइंस थाने में बताया कि बीते

बरामद बाइक के साथ पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

कई दिनों से बर्मामाइंस में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी, जिसे देखते हुए एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने पहले सतपाल सिंह उर्फ कालू को गिरफ्तार किया, जो बाइक चोरी करता था। सतपाल के पास से एक मास्टर चाबी बरामद की गई। इसके बाद पूछताछ में अंकित सोनकर का नाम आया, जो चोरी की बाइक को खपाने का काम करता था।

**सतपाल ने कई वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर रखे बंधक :** एसएसपी ने बताया कि सतपाल बर्मामाइंस में कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक को मास्टर चाबी की मदद से चुराता था। अंकित उस वाहन का नंबर प्लेट बदल देता था और उसका फर्जी आरसी बना लेता था। इसके बाद पैसे की तंगी का बहाना बनाकर बाइक को 15-20 हजार में बंधक रख देता था। जो रुपये मिलते थे, उसे दोनों आपस में बांट लेते थे। जितनी भी बाइक बरामद की गई है, उसमें से कई बाइक के नंबर प्लेट बदल दिए गए हैं, ताकि किसी को शक ना हो।

एसएसपी ने बताया कि इस संबंध में एक और सदस्य फरार है, जो फर्जी आरसी बनाने का काम करता था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि सतपाल ऊर्फ कालू को पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था, लेकिन बाद में उसे पीआर बाउंड पर पैरवी पर छोड़ दिया था। चूंकि मामला गंभीर था, इसलिए पुलिस उस पर नजर बनाए रखी और अंत में सलाखों के पीछे डाल दिया।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी डीएसपी सुधीर कुमार, बर्मामाइंस थानेदार अलोक दुबे समेत घटना का खुलासा करने वाली पूरी टीम उपस्थित थी।

# आजादनगर में सब्जी विक्रेता की हत्या, भाई और भतीजा गिरफ्तार

**JAMSHEDPUR :** आजादनगर थाना क्षेत्र में डंडे और लात-घूंसे से बेरहमी से पिटाई कर सब्जी विक्रेता इसरार की जान ले ली गई। घटना का आरोपी कोई और नहीं बल्कि भाई और भतीजा को ही बताया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी मोनू और भाई इकरार को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी ● फोटोन न्यूज

### सब्जी बेचने के विवाद में हुई घटना

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मोनू और इसरार ओल्ड पुरूलिया रोड पर सब्जी बेचता था। सब्जी बेचने के दौरान ही दोनों के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद मोनू और भाई इकरार ने उसकी शनिवार की रात डंडे से पिटाई की।

### एमजीएम अस्पताल में तोड़ा दम

घटना के बाद परिवार के लोगों ने इसरार को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान ही दूसरे दिन रविवार को उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मामले को

### दो साल पहले ही मुरादाबाद से आया था शहर

इसरार के बारे में बताया गया कि वह दो साल पहले ही अपने गांव मुरादाबाद से जमशेदपुर आया था. यहां पर वह सब्जी बेचकर गुजर-बसर करता था. पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर रही है, जबकि इसरार के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा है.

आजादनगर पुलिस ने गंभीरता से लिया और छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## समाचार सार

### डॉ. अजय कुमार ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**JAMSHEDPUR :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य डॉ. अजय कुमार द्वारा रविवार को बागुननगर, टुईलाडुंगरी और बाराद्वारी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमे काफी लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट, लीवर, आंख सहित कई बीमारियों की जांच की गई।

चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए सलाह भी दी गई। शिविर में धर्मेंद्र सोनकर, सुरेंद्र शर्मा, राजा सिंह राजपूत, राकेश साहू, मनीष, रईस रिजवी छब्बन, राजकिशोर प्रसाद, अफसर इमाम, नीरज साहू, लकी गोस्वामी सहित अन्य सक्रिय रहे।

### चाय विक्रेता की थाने में पिटाई का आरोप

**JAMSHEDPUR :** सुंदरनगर थाना में शनिवार को एक चाय विक्रता पीटने का आरोप है। आरोप है कि एक मुखबिर के इशारे पर पुलिस सारा काम कर रही है। इसी तरह का मामला शनिवार को भी सामने आया था। इसके बाद चाय विक्रेता को थाने का एसआई मानिक चंद्र बेहरा थाने लेकर गया और उसकी खूब पिटाई की।

बाद में घटना का विरोध जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने किया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। भुक्तभोगी दिलीप सिंह ने बताया कि वह पिछले 25 सालों से सुंदरनगर में ठेला लगाकर चाय बेच रहा है। उससे थाने का मुखबिर मोटी रकम की मांग कर रहा था। नहीं देने पर उसे थाने पर लाकर प्रताड़ित किया गया।

### संथाली शिक्षक पात्रता परीक्षा में 167 शामिल

**JAMSHEDPUR :** जाहेरथान कमेटी, दिशोम जाहेर करनडीह तथा ट्राइबल कल्चर सोसाइटी (टाटा स्टील फाउंडेशन की इकाई) के संयुक्त तत्वधान में इस वर्ष का प्रथम संताली (संथाली) शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। संत पीटर इंग्लिश हाईस्कूल में रविवार को आयोजित परीक्षा में झारखंड, प. बंगाल तथा असम के कुल 167 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि जाहेरथान कमेटी तथा ट्राइबल कल्चर सोसाइटी पिछले 11 वर्षों से 'ओल चिकि एवं संताली भाषा अध्ययन केंद्रों' का संचालन कर रही है। अबतक 1 लाख से ज्यादा लोगों को ओलचिकि एवं संताली भाषा शिक्षित कर चुकी है। पिछले वर्ष 2023-24 सत्र में लगभग 12000 छात्र पंजीकृत थे। इस सत्र में भी 150 अध्ययन केन्द्र संचालित करने का लक्ष्य है। इसमें मानदेय के आधार पर 150 शिक्षक, 30 समन्वयक तथा 9 प्रशासक नियुक्त किया जाना है।

### तुलसीदास पर स्कूली छात्रों ने लिखा निबंध

**JAMSHEDPUR :** प्रत्येक वर्ष की भांति सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन संस्थान द्वारा डेढ माह तक चलने वाले तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत 6 जुलाई को महाविद्यालय तथा 7 जुलाई को स्कूली छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका विषय क्रमशः 'तुलसी साहित्य में लोक मंगल की अवधारणा' एवं 'श्री रामचरितमानस के आलोक में श्री हनुमान जी का चरित्र चित्रण' था। इसमें नगर के 3 महाविद्यालयों एवं 12 विद्यालयों से कुल 223 छात्रों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुलसी भवन के अलावा बागबेड़ा स्थित 'सरस्वती शिशु विद्या मंदिर' में भी आयोजित की गई।



### भाजपा की विजय संकल्प सभा 10 से

**JAMSHEDPUR :** भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में संयोजक और सहसंयोजक की बैठक जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में हुई। इसमें विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि 10 जुलाई से जमशेदपुर महानगर के जुगसलाई, पोटका सहित जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा सांसद बिद्युत बरण महतो की देखरेख में होगी। इस सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडल एवं विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी का अभिनंदन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा का कार्यक्रम 10 जुलाई को डॉल्फिन क्लब, बालीगुमा, पोटका विधानसभा का कार्यक्रम 14 जुलाई को और जमशेदपुर पूर्वी का कार्यक्रम 17 जुलाई को बिरसा मुंडा टाउन हॉल, सिदगोड़ा में होगा। जमशेदपुर पश्चिमी के कार्यक्रम की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। बैठक में अनिल मोदी, संजीव सिंह, संजीव सिन्हा, मनोज राम, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, सुबोध झा, मुचीराम बाउरी, विजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

### कैरेज कॉलोनी में खुला निशुल्क मधुमेह जांच केंद्र

**JAMSHEDPUR :** रथ यात्रा के शुभ अवसर पर बमार्माइंस स्थित कैरेज कॉलोनी में निशुल्क रक्तचाप व मधुमेह जांच केंद्र का उद्घाटन हुओ यह केंद्र रेलवे इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संचालित किया जाएगा। केंद्र में डिजिटल रैंडम मशीन की व्यवस्था रहेगी, जिसके माध्यम से हर रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक कैरेज कॉलोनी स्थित संगठन के कार्यालय में की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर संगठन के चेयरमेन मनोज मिश्रा, डॉ. गुरूमुख सिंह, रेलवे मेकेनिकल विभाग के वरीय अभियंता अमर सिंह माझी, आरपी गुप्ता एवं जेई राहुल कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसपी विश्वास, जयराम प्रजापति, राकेश कुमार, एके महतो, विकास ठाकुर, बबलू राव, शिवा, लोचन बारी सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

### टिनप्लेट चौक के पास किया गया पौधारोपण

**JAMSHEDPUR :** शहर की संस्था 'कोशिश एक मुस्कान लाने की' के संरक्षक शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में रविवार को टिनप्लेट चौक के पास पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही पौधों के बड़े होने तक उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। शिवशंकर सिंह ने कहा कि वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं। भावी पीढ़ी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है। इससे ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है।

# रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नई टीम ने संभाला पदभार

**JAMSHEDPUR :** बेल्डीह क्लब के सभागार में रविवार को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नई टीम (2024-25) ने नए अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ पदभार संभाला। पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने नई टीम के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

**रोटरी जमशेदपुर वेस्ट की 2024-25 की नई टीम**

अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी, सचिव दीप्ति सिंह, कोषाध्यक्ष मिथिलेश झा हैं। इमिडिएट पास्ट प्रेजिडेंट अध्यक्ष नीता अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी आलोक सरकार, प्रसिडेंट इलेक्ट अशोक झा हैं। डायरेक्टर रोटरी फाउंडेशन अमरेश सिन्हा, सर्विस प्रोजेक्ट्स डॉ. रीता झा, पब्लिक इमेज नंदकिशोर अग्रवाल, सदस्य अभिजीत मित्रा, क्लब सर्विस संजीव सहगल, पीस बिल्डिंग ऋषि चंद्राणी, वोकेशनल सर्विस देवेश सिंह चौहान, फेलोशिप रजनीश तलवार, कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार, क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर प्रतिम बनर्जी, सार्जेंट-एट-आर्म्स अनुपमा सहगल, चेयरमैन (पर्यावरण संरक्षण) विक्रांत तिवारी, चेयरमैन (शिक्षा) कमलेंदु शुक्ला को बनाया गया है। इसी प्रकार चेयरमैन (सीएसआर) जितेंद्र बहादुर सिंह, चेयरमैन (हेल्थ पीपीएच) वर्षा गांधी, चेयरमैन (कम्युनिटी सर्विस) नमन अग्रवाल, क्लब बुलेटिन एडिटर डॉ. सुजाता मित्रा को बनाया गया है। स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों में राजीव तलवार, अंजनी निधि, अमिताभ बख्शी, श्वेता चांद, प्रतिम बनर्जी हैं।

### टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 11-15 जुलाई रहेगी रद्द

**JAMSHEDPUR :** साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे के बिलासपुर डिवीजन में विकासात्मक कार्य होने के कारण टाटानगर से चलने वाली दो ट्रेन प्रभावित होगी। रेलवे से जारी सर्कुलर के मुताबिक टाटानगर से चलने वाली ट्रेन नंबर 18113 टाटानगर- बिलासपुर एक्सप्रेस 11-15 जुलाई के बीच रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर - 18114 बिलासपुर -टाटानगर एक्सप्रेस 12-16 जुलाई तक रद्द रहेगी।

इसके साथ ही टाटानगर से इतवारी के बीच चलने वाली टाटा-इतवारी एक्सप्रेस बिलासपुर में शार्ट टर्मिनेट रहेगी। ट्रेन नंबर -18109 टाटानगर -इतवारी एक्सप्रेस 12से 15 जुलाई तक शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर -इतवारी - टाटानगर एक्सप्रेस 12-17 जुलाई तक बिलासपुर से टाटानगर के लिए खुलेगी। यह ट्रेन इतवारी से बिलासपुर के बीच नहीं चलेगी।

# टैगोर व विवेकानंद में थी वैचारिक समानता : स्वामी कृष्णनाथानंद

**PHOTON NEWS JSR:** साकची स्थित रवींद्र भवन में रविवार को साहित्य मजलिस का 150वां आयोजन हुआ। इसमें रामकृष्ण मिशन कोलकाता से आए स्वामी कृष्णनाथानंद व बांग्ला के प्रखर विद्वान व शिक्षाविद् डॉ. पवित्र सरकार ने स्वामी विवेकानंद व रवींद्रनाथ टैगोर पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में मौजूद दर्शक ● फोटोन न्यूज

पहले वक्ता के रूप में स्वामी कृष्णनाथानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर में वैचारिक समानता थी। स्वामी विवेकानंद परोपकार और मानवता की भूमि को उर्वरा बनाते थे, जबकि रवींद्रनाथ टैगोर मानव जीवन के साथ प्रकृति व प्रत्येक जीवात्मा के प्रति प्रेम व भावन के साहित्य का सृजन करते थे।

दूसरे वक्ता के रूप में डॉ. पवित्र सरकार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद व रवींद्रनाथ टैगोर मानव जाति के लिए एक वरदान स्वरूप थे, दोनों ने ही उस समय समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने के प्रयास के साथ-साथ समाज को आगे करने के लिए अपनी क्षमता से अधिक कार्य किया और रुढ़ियों को तोड़कर एक नई दिशा दी। आज उनके जाने के इतने दशक बाद भी उनके लिखे गए और कही गई बातों को हम इतने जोरदार तरीके से और सामाजिक उत्थान के रूप में याद करते हैं। यह उनके विशाल अस्तित्व को दशार्ता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अचिंतो कुमार दास ने किया। इस अवसर पर टैगोर सोसाइटी के महासचिव आशीष चौधरी ने भी विचार रखे।

# श्रीलक्ष्मीनारायण की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ संपन्न

## अंतिम दिन भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया महाभोग

**PHOTON NEWS JSR :** गोलमुरी के केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर में पांच दिन से हो रहे महायज्ञ का समापन प्राण-प्रतिष्ठा के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन रविवार को सुबह सभी मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। श्री लक्ष्मी नारायण, शिव परिवार, हनुमान, मां काली आदि की मंत्रोच्चारण के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसी क्रम में हवन हुआ और उसके पश्चात यज्ञ की पूणार्हुति हुई।

पांच दिवसीय अनुष्ठान में प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय थे। विशिष्ट



मंदिर में स्थापित प्रतिमाएं

यजमानों में स्थानीय लोग शामिल रहे। बाद में प्रभु का प्रसाद (महाभोग) हजारों लोगों ने ग्रहण किया। आज से भक्त-श्रद्धालु यहां नियमित पूजा-अर्चना कर सकेंगे। इन पांच दिनों में महायज्ञ परिसर का पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। मंदिर परिसर में एक यज्ञवेदी बनाई गई थी। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वहीं संपन्न हुए।

इस यज्ञ वेदी के ठीक बगल में रामधुन गाने वाली स्त्री-पुरुषों का दल था, जो निरंतर रामधुन गाता रहा। पांच दिनों तक चले इस महायज्ञ को सफल बनाने में आशुतोष राय, हरेराम सिंह, अनिकेत सिंह, असीम, मुकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि की महती भूमिका रही। पूरा महायज्ञ बेगुसराय से पधारे प्रख्यात पंडित गौरीशंकर ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### अब 15 तक भरा जाएगा पीजी पहले सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र 2023-25 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को विस्तारित कर दी है। विवि की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत अब छात्र 15 जुलाई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर पाएंगे। इसके लिए उन्हें 200 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। विवि की ओर से कहा गया है कि छात्रों की मांग पर फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया जा रहा है लेकिन इसके बाद तिथि विस्तारित नहीं होगी ऐसे में जिन छात्रों ने अभी तक फॉर्म नहीं भरा है वे फॉर्म भर लें। वहीं परीक्षा की तिथि घोषित करने की जगह परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करने से अधिकतर छात्रों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले ही सत्र छह महीने लेट हो गया है। ऐसे में अब परीक्षा लेने में देर करना सही नहीं है। क्योंकि इससे सत्र लगातार लेट होता जाएगा।

# देश के किसी भी कोने में रहें, बस 112 डायल करें, मिलेगी सहायता

जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

**JAMSHEDPUR :** अब किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए डायल 112 को तैयार किया गया है। इस डायल 112 में फोन कर देश के नागरिक किसी भी कोने में सुरक्षा और सहायता आसानी से पा सकते हैं। इस महत्वपूर्ण डायल 112 को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। डीएसपी-सीसीआर अंजनी तिवारी ने बताया कि डायल 112 का इस्तेमाल देश के किसी भी कोने से किया जा सकता है। पूर्व में पुलिस को बुलाने के लिए लोग 100 और एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन करते थे, पर अब यह सारी सुविधा डायल 112 पर ही मिल जाएगी। डायल 112 लोगों को हर आपातकालीन स्थिति में मदद उपलब्ध कराने के लिए 24 घंटे सक्रिय है। किसी भी प्रकार की मुसीबत फोन कर सकते हैं।

**संगोष्ठी** एलबीएसएम कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र में बोले डॉ. अशोक कुमार झा

# वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी सेमिनार आवश्यक

**PHOTON NEWS JSR :** करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में आयोजित 'ग्लोबल इश्यूज इन मल्टी-डिसिप्लिनरी एकेडमिक रिसर्च' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी रविवार को संपन्न हो गई। संगोष्ठी के दूसरे दिन के प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने कहा कि संगोष्ठियां ज्ञान की अभिव्यक्ति का माध्यम होती हैं। वर्तमान में अपने देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए एकेडमिक विकास, विभिन्न विषयों पर शोध और उनके प्रस्तुतिकरण के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी संगोष्ठियों की बहुत आवश्यकता है। प्रथम रिसोर्स पर्सन काशी विद्यापीठ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने 'हिंदी साहित्य : वैश्विक संदर्भ और सामाजिक समाधान' पर कहा कि साहित्य में मौजूद ग्लोबल (वैश्विक) और लोकल (स्थानीय) के बीच अंतर नहीं होता। हर घटना जो वैश्विक होती है, वह स्थानीय भी होती है। इसलिए ग्लोबल और लोकल का द्वंदात्मक मुद्दा नहीं होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के भी स्थानीय संदर्भ थे। उन्होंने हिंदी साहित्य और विश्व साहित्य से इस तरह के कई संदर्भ प्रस्तुत किए और बताया कि फणिश्वर नाथ रेणु ने अपनी किताब मैला आंचल में चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले वैश्विक कारोबार का जिक्र किया है। उन्होंने अल्बेयर काम के 'प्लेग' उपन्यास की भी चर्चा की। डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि शोध की योजना बनाते समय

संगोष्ठी में शामिल वक्ता ● फोटोन न्यूज

कम से कम चार चीजों का ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए यूजीसी ने स्ट्रीड जैसे नॉर्म्स को 2019 में लागू किया, जिसका अर्थ है- स्कीम फॉर ट्रांस डिसिप्लिनरी। इसमें चार कारकों की आवश्यकता महसूस की गई कि शोध पहले सोशली रेलीवेंट हो, दूसरा लोकली नीड बेस्ड हो, तीसरा नेशनली रेलिवेंट हो, और चौथा ग्लोबल सिग्निफिकेंट हो। ये चारों चीजें ही किसी शोध को महत्वपूर्ण बनाती हैं, उसको एक वैश्विक पहचान देती है।

दूसरे रिसोर्स पर्सन डॉ. संतोष कुमार खत्री ने भारत की वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि ये चुनौतियां पारंपरिक हैं, पर इनके स्वरूप और परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन भी आया है। तीसरे रिसोर्स पर्सन डॉ. राममिलन कुम्हार ने भारत में महिला सशक्तीकरण विषय पर कहा कि महिलाओं को अधिकार देना उनके व्यक्तित्व और उनकी क्षमता के विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय तकनीकी सत्र के अध्यक्ष डॉ. डीके मित्रा ने वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रकार की मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च की जरूरत की चर्चा की और इसे बढ़ावा देने पर बल दिया।

**170 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए :** संगोष्ठी में लगभग 170 प्रतिभागियों ने हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) जुड़कर ग्लोबल इश्यूज इन मल्टी-डिसिप्लिनरी एकेडमिक रिसर्च को समझा। प्रथम दिन तीनों सत्रों में कुल 68 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए, जबकि दूसरे दिन ऑनलाइन मोड से 102 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. मौसमी पॉल, डॉ. संचिता भुई सेन, प्रो. अरविंद पंडित, डॉ. विश्वनाथ सरकार, डॉ. सुनीता मित्रा सरकार सहित विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों से शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शोधार्थी शामिल हुए। एनवायरमेंटल पॉलिसी एंड पॉलीटिकल स्टेबिलिटी इन इंडिया ए कंप्रिहेंसिव एनालिसिस पर खुशबू कुमारी, 'रिप्रोडक्टिव हेल्थ अवेयरनेस एमांग यंग एडडरोलसेंस इन इंडिया' विषय पर बीआर आभा आयुश्री, 'ग्लोबल वार्मिंग' पर अक्षता शर्मा, 'प्राचीन भारत में आयुर्वेद विज्ञान का विकास' विषय पर डॉ. गरिमा भारती ने पेपर प्रस्तुत किया।

# जगन्नाथ पुरी रथयात्रा

## करें अलौकिक सुख की अनुभूति

पूर्ण परात्पर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को जगन्नाथपुरी में आरंभ होती है। यह रथयात्रा पुरी का प्रधान पर्व भी है। इसमें भाग लेने के लिए, इसके दर्शन लाभ के लिए हज़ारों, लाखों की संख्या में बाल, वृद्ध, युवा, नारी देश के सुदूर प्रांतों से आते हैं।

दक्षिण भारतीय उड़ीसा राज्य का पुरी क्षेत्र जिसे पुरुषोत्तम पुरी, शंख क्षेत्र, श्रीक्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है, भगवान श्री जगन्नाथ जी की मुख्य लीला-भूमि है। उत्कल प्रदेश के प्रधान देवता श्री जगन्नाथ जी ही माने जाते हैं। यहाँ के वैष्णव धर्म की मान्यता है कि राधा और श्रीकृष्ण की युगल मूर्ति के प्रतीक स्वयं श्री जगन्नाथ जी हैं। इसी प्रतीक के रूप श्री जगन्नाथ से संपूर्ण जगत का उद्भव हुआ है। श्री जगन्नाथ जी पूर्ण परात्पर भगवान है और श्रीकृष्ण उनकी कला का एक रूप है। ऐसी मान्यता श्री चैतन्य महाप्रभु के शिष्य पंच सखाओं की है।

### पर्यटन और धार्मिक महत्व

यहाँ की मूर्ति, स्थापत्य कला और समुद्र का मनोरम किनारा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है। कोणार्क का अद्भुत सूर्य मंदिर, भगवान बुद्ध की अनुपम मूर्तियों से सजा धौल-गिरि और उदय-गिरि की गुफ़ाएँ, जैन मुनियों की तपस्थली खंड-गिरि की गुफ़ाएँ, लिंग-राज, साक्षी गोपाल और भगवान जगन्नाथ के मंदिर दर्शनीय है। पुरी और चंद्रभागा का मनोरम समुद्री किनारा, चंदन तालाब, जनकपुर और नंदनकानन अभ्यारण्य बड़ा ही मनोरम और दर्शनीय है। शास्त्रों और पुराणों में भी रथ-यात्रा की महत्ता को स्वीकार किया गया है। स्कंद पुराण में स्पष्ट कहा गया है कि रथ-यात्रा में जो व्यक्ति श्री जगन्नाथ जी के नाम का कीर्तन करता हुआ गुंडीचा नगर तक जाता है वह पुनर्जन्म से मुक्त हो जाता है। जो व्यक्ति श्री जगन्नाथ जी का दर्शन करते हुए, प्रणाम करते हुए मार्ग के धूल-कीचड़ आदि में लोट-लोट कर जाते हैं वे सीधे भगवान श्री विष्णु के उत्तम धाम को जाते हैं। जो व्यक्ति गुंडिचा मंडप में रथ पर विराजमान श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा देवी के दर्शन दक्षिण दिशा को आते हुए करते हैं वे मोक्ष को प्राप्त होते हैं। रथयात्रा एक ऐसा पर्व है जिसमें भगवान जगन्नाथ चलकर जनता के बीच आते हैं और उनके सुख दुख में सहभागी होते हैं। सब मनिसा मोर परजा (सब मनुष्य मेरी प्रजा है), ये उनके उद्गार है। भगवान जगन्नाथ तो पुरुषोत्तम हैं। उनमें श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध, महायान का शून्य और अद्वैत का ब्रह्म समाहित है। उनके अनेक नाम है, वे पतित पावन हैं।

### महाप्रसाद का गौरव

रथयात्रा में सबसे आगे ताल ध्वज पर श्री बलराम, उसके पीछे पद्म ध्वज रथ पर माता सुभद्रा व सुदर्शन चक्र और अंत में गरुण ध्वज पर या नंदीघोष नाम के रथ पर श्री जगन्नाथ जी सबसे पीछे चलते हैं। तालध्वज रथ 65 फीट लंबा, 65 फीट चौड़ा और 45 फीट ऊँचा है। इसमें 7 फीट व्यास के 17 पहिये लगे हैं। बलभद्र जी का रथ तालध्वज और सुभद्रा जी का रथ को देवलन जगन्नाथ जी के रथ से कुछ छोटे हैं। संध्या तक ये तीनों ही रथ मंदिर में जा पहुँचते हैं। अगले दिन भगवान रथ से उतर कर मंदिर में प्रवेश करते हैं और सात दिन वहीं रहते हैं। गुंडीचा मंदिर में इन नौ दिनों में श्री जगन्नाथ जी के दर्शन को आड़प-दर्शन कहा जाता है। श्री जगन्नाथ जी के प्रसाद को महाप्रसाद माना जाता है जबकि अन्य तीर्थों के प्रसाद को सामान्यतया प्रसाद ही कहा जाता है। श्री जगन्नाथ जी के प्रसाद को महाप्रसाद का स्वरूप महाप्रभु बल्लभाचार्य जी के द्वारा मिला। कहते हैं कि महाप्रभु बल्लभाचार्य की निष्ठा की परीक्षा लेने के लिए उनके एकादशी व्रत के दिन पुरी पहुँचने पर मंदिर में ही किसी ने प्रसाद दे दिया। महाप्रभु ने प्रसाद हाथ में लेकर स्तवन करते हुए दिन के बाद रात्रि भी बिता दी। अगले दिन द्वादशी को स्तवन की समाप्ति पर उस प्रसाद को ग्रहण किया और उस प्रसाद को महाप्रसाद का गौरव प्राप्त हुआ। नारियल, लाई, गजामूंग और मालपुआ का प्रसाद विशेष रूप से इस दिन मिलता है।

### जनकपुर मौसी का घर

जनकपुर में भगवान जगन्नाथ दसों अवतार का रूप धारण करते हैं..विभिन्न धर्मो और मतों के भक्तों को समान रूप से दर्शन देकर तृप्त करते हैं। इस समय उनका व्यवहार सामान्य मनुष्यों जैसा होता है। यह स्थान जगन्नाथ जी की मौसी का है। मौसी के घर अच्छे-अच्छे पकवान खाकर भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं। तब यहाँ पथ्य का भोग लगाया जाता है जिससे भगवान शीघ्र ठीक हो जाते हैं। रथयात्रा के तीसरे दिन पंचमी को लक्ष्मी जी भगवान जगन्नाथ को ढूँढ़ते यहाँ आती हैं। तब द्वैतापति दरवाज़ा बंद कर देते हैं जिससे लक्ष्मी जी नाराज़ होकर रथ का पहिया तोड़ देती है और हेरा गोहिरी साही पुरी का एक मुहल्ला जहाँ लक्ष्मी जी का मंदिर है, वहां लौट जाती हैं। बाद में भगवान जगन्नाथ लक्ष्मी जी को मनाने जाते हैं। उनसे क्षमा माँगकर और अनेक प्रकार के उपहार देकर उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। इस आयोजन में एक ओर द्वैतापति भगवान जगन्नाथ की भूमिका में संवाद बोलते हैं तो दूसरी ओर देवदासी लक्ष्मी जी की भूमिका में संवाद करती है। लोगों की अपार भीड़ इस मान-मनौव्वल के संवाद को सुनकर खुशी से झूम उठती हैं। सारा आकाश जै श्री जगन्नाथ के नारों से गूँज उठता है। लक्ष्मी जी को भगवान जगन्नाथ के द्वारा मना लिए जाने को विजय का प्रतीक मानकर इस दिन को विजयादशमी और वापसी को बोहतड़ी गोंचा कहा जाता है। रथयात्रा में पारम्परिक सद्भाव, सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सहिष्णुता का अद्भूत समन्वय देखने को मिलता है।

### देवर्षि नारद को वरदान

श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा में भगवान श्री कृष्ण के साथ राधा या रुक्मिणी नहीं होतीं बल्कि बलराम और सुभद्रा होते हैं। उसकी कथा कुछ इस प्रकार प्रचलित है - द्वारिका में श्री कृष्ण रुक्मिणी आदि राज महिषियों के साथ शयन करते हुए एक रात निद्रा में अचानक राधे-राधे बोल पड़े। महारानियों को आश्चर्य हुआ। जागने पर श्रीकृष्ण ने अपना मनोभाव प्रकट नहीं होने दिया, लेकिन रुक्मिणी ने अन्य रानियों से वार्ता की कि, सुनते हैं वृंदावन में राधा नाम की गोपकुमारी है जिसको प्रभु ने हम सबकी इतनी सेवा निष्ठा भक्ति के बाद भी नहीं भुलाया है। राधा की श्रीकृष्ण के साथ रहस्यात्मक रास लीलाओं के बारे में माता रोहिणी भली प्रकार जानती थीं। उनसे जानकारी प्राप्त करने के लिए सभी महारानियों ने अनुनय-विनय की। पहले तो माता रोहिणी ने टालना चाहा लेकिन महारानियों के हठ करने पर कहा, ठीक है। सुनो, सुभद्रा को पहले पहरे पर बिठा दो, कोई अंदर न आने पाए, भले ही बलराम या श्रीकृष्ण ही क्यों न हों।

माता रोहिणी के कथा शुरू करते ही श्री कृष्ण और बलरम अचानक अंतःपुर की ओर आते दिखाई दिए। सुभद्रा ने उचित कारण बता कर द्वार पर ही रोक लिया। अंतःपुर से श्रीकृष्ण और राधा की रासलीला की वार्ता श्रीकृष्ण और बलराम दोनो को ही सुनाई दी। उसको सुनने से श्रीकृष्ण और बलराम के अंग अंग में अद्भुत प्रेम रस का उद्भव होने लगा। साथ ही सुभद्रा भी भाव विह्वल होने लगीं। तीनों की ही ऐसी अवस्था हो गई कि पूरे ध्यान से देखने पर भी किसी के भी हाथ-पैर आदि स्पष्ट नहीं दिखते थे। सुदर्शन चक्र विगलित हो गया। उसने लंबा-सा आकार ग्रहण कर लिया। यह माता राधिका के महाभाव का गौरवपूर्ण दृश्य था।

अचानक नारद के आगमन से वे तीनों पूर्व वत हो गए। नारद ने ही श्री भगवान से प्रार्थना की कि हे भगवान आप चारों के जिस महाभाव में लीन मूर्तिस्थ रूप के मैंने दर्शन किए हैं, वह सामान्य जनों के दर्शन हेतु पृथ्वी पर सदैव सुशोभित रहे। महाप्रभु ने तथास्तु कह दिया।

### रथ यात्रा का प्रारंभ

कहते हैं कि राजा इंद्रद्युम्न, जो सपरिवार नीलांचल सागर (उड़ीसा) के पास रहते थे, को समुद्र में एक विशालकाय काष्ठ दिखा। राजा के उससे विष्णु मूर्ति का निर्माण कराने का निश्चय करते ही वृद्ध बढ़ई के रूप में विश्वकर्मा जी स्वयं प्रस्तुत हो गए। उन्होंने मूर्ति बनाने के लिए एक शर्त रखी कि मैं जिस घर में मूर्ति बनाऊँगा उसमें मूर्ति के पूर्णरूपेण बन जाने तक कोई न आए। राजा ने इसे मान लिया। आज जिस जगह पर श्रीजगन्नाथ जी का मंदिर है उसी के पास एक घर के अंदर वे मूर्ति निर्माण में लग गए। राजा के परिवारजनों को यह ज्ञात न था कि वह वृद्ध बढ़ई कौन है। कई दिन तक घर का द्वार बंद रहने पर महारानी ने सोचा कि बिना खाए-पिये वह बढ़ई कैसे काम कर सकेगा। अब तक वह जीवित भी होगा या मर गया होगा। महारानी ने महाराजा को अपनी सहज शंका से अवगत करवाया। महाराजा के द्वार खुलवाने पर वह वृद्ध बढ़ई कहीं नहीं मिला लेकिन उसके द्वारा अर्द्धनिर्मित श्री जगन्नाथ, सुभद्रा तथा बलराम की काष्ठ मूर्तियाँ वहाँ पर मिली।

महाराजा और महारानी दुखी हो उठे। लेकिन उसी क्षण दोनों ने आकाशवाणी सुनी, व्यर्थ दुःखी मत हो, हम इसी रूप में रहना चाहते हैं मूर्तियों को द्रव्य आदि से पवित्र कर स्थापित करवा दो। आज भी वे अपूर्ण और अस्पष्ट मूर्तियाँ पुरुषोत्तम पुरी की रथयात्रा और मंदिर में सुशोभित व प्रतिष्ठित हैं। रथयात्रा माता सुभद्रा के द्वारिका भ्रमण की इच्छा पूर्ण करने के उद्देश्य से श्रीकृष्ण व बलराम ने अलग रथों में बैठकर करवाई थी। माता सुभद्रा की नगर भ्रमण की स्मृति में यह रथयात्रा पुरी में हर वर्ष होती है।

# केदारनाथ

## दर्शनों के लिए फिर से लोगों में उत्साह बनेगा

शिवपुराण की कोटिरूद्र संहिता के अनुसार नर और नारायण दोनों ने पवित्र हिमालय के बद्रिकाश्रम तीर्थ में पार्थिव शिवलिंग निर्मित करके भगवान शिव की पूजार्चना आरम्भ की। वह रोज श्रद्धा-विश्वास के साथ यम-नियम संयम आदि का पालन करते हुए शिव भक्ति में मगन रहते। हर समय उनकी आराधना करते। आखिर शिव उन की भक्ति से प्रसन्न होकर केदार चोटी पर केदारतीर्थ में ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थित हो गए। यह स्थल लोगों में अटला आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है।

केदारनाथ की रौनक लौटाएगा चन्द्रमा - वर्तमान में प्लंवग नामक संवत्सर के राजा और मंत्री दोनों का अधिकार परम शिवभक्त चन्द्रमा के पास है। चंद्रमा मन बुद्धि एवं अहंकार के अधिपति तो हैं ही, शिवभक्तों पर इनकी विशेष कृपा भी रहती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार राजयक्ष्मा, क्षयरोग किसी भी तरह के चर्मरोग, मानसिक व्यग्रता पारिवारिक कलह, कफ, नज़ला, निमोनिया श्वास से सबंधित रोग से पीड़ित व्यक्ति जब शिव स्वरूप ज्योतिर्लिंग पर पंचामृत का लेप करता है तो उसकी जन्म कुंडली में चन्द्रजनित दोष शांत हो जाते हैं।

गुरू के इस इस योग का मिलेगा भक्तों को लाभ - इसी वर्ष देवगुरु बृहस्पति ने बारह वर्षों के बाद पुनः परमहंस योग बनाया है। इस योग का खास महत्व है। इस योग में किसी भी ज्योतिर्लिंग या तीर्थक्षेत्र में जाकर थोड़ा-सा भी जप-तप दानपुण्य किया जाए तो व्यक्ति को पूर्ण सुख मिलता है। चन्द्र और गुरु द्वारा बनाया गया यह दुर्लभ योग वर्तमान संवत्सर के अंत 20 मार्च 2015 तक रहेगा। इस अवधि में यह हर दृष्टि से शुभ कल्याणकारी है। दैवीय प्रकोप के पश्चात इस तरह के योग बनते हैं। क्योंकि जीवन में घटने वाली सभी घटनाओं की तिथियाँ पहले से ही तय की जा चुकीं हैं। योग बताते है कि पुनः श्रीकेदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु भक्तों का उत्साह बरकरार रहने वाला है। लोग आगे पूरी श्रद्धा और विश्वास से केदारधाम में आएंगे।

# वास्तु : घर में कहां और कैसे रखें आईना

आईना, जिसके बगैर आपकी खूबसूरती अधूरी है समझिए। वह आईना ही है, जो आपकी खूबसूरती को आपके कॉन्फिडेंस के साथ जोड़े रखता है। लेकिन, वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि आईना यदि सही दिशा और सही स्थिति में हो तो आपका फायदा और न हो तो आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए, जानें घर में कहां और कैसे रखें इसे...

-आप जहां रह रहे हों या जहां आपका ऑफिस हो वहां उत्तर-पूर्व दिशा में दर्पण लगाना चाहिए। आप देखेंगे कि इसके लगाते ही आय में वृद्धि तो शुरू होगी ही साथ ही कमाई के रास्ते आनेवाली बाधाएं भी दूर होंगी।

-आईना लगाते समय यह जरूर ध्यान रखें कि उस आईने में किसी शुभ वस्तु का प्रतिबिंब नज़र आ रहा हो। यह आपके भाग्य में वृद्धि लाता है।

-आईना ऐसी जगह न हो, जिसके ठीक सामने आपके घर या ऑफिस की कोई खिड़की या दरवाजा हो।

-ध्यान रखिए कि किसी भी कमरे में चारों और आईना नहीं लगाना चाहिए। जानते हैं? घर में ऐसी व्यवस्था घर के लोगों में उलझन पैदा कर देती है।

-यदि घर का कोई हिस्सा ऐसा हो, जहां अक्सर अंधेरा ही छाया रहता है तो ऐसे जगह गोल आईना लगाकर रखें। यह निगेटिव एनर्जी को भगाने की क्षमता रखता है।

-यदि आपके बेडरूम में बेड के ठीक सामने कोई आईना हो तो उसे फौरन हटाएं, क्योंकि यह आपके शादीशुदा लाइफ में बाधाएं खड़ी कर सकता है।

-कहते हैं आईना जितना बड़ा और हल्का हो, उसे उतना ही बेहतरीन माना जाता है। घर में आईने की संख्या चाहे कितनी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यह जरूरी है कि आईने ने अलग-अलग टुकड़ों को एकसाथ जोड़कर एक जगह न रखें, क्योंकि इस तरह के आईने में आपका शरीर खंडित नजर आएगा और यह शुभ नहीं माना जाता।

# भाग्य चमकाएं, नित्य करें यह आसान उपाय...

विपत्ति में घिरे किसी भी प्राणी के लिए तिनका भी सहारा होता है, लेकिन बहुत कम जातक जानते हैं कि प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में दी गई सीख को अपनाने मात्र से कैसे भी बुरे दिनों से बाहर निकला जा सकता है।

- जब भी सुबह उठें तो सबसे पहले दोनों हाथों की हथेलियों को कुछ क्षण देखकर चेहरे पर तीन-चार बार फेरें और ईश्वर को नमस्कार करें। इसका कारण है कि हथेली के अग्र भाग में मां लक्ष्मी, मध्य भाग में मां सरस्वती व मूल भाग (मणि बंध) में भगवान विष्णु का स्थान होता है। नित्य यह कर्म करने से जातक का भाग्य चमक उठता है।
- वैदिक ग्रंथों के अनुसार घर में बन रहे भोजन में से पशु (गौ माता) का हिस्सा भी अलग से रखें। वर्तमान में भोजन के लिए बनाई जा रही रोटी को गाय या किसी पशु के लिए निकाल लें और उसे खिलाएं। गौमाता धरती पर ईश्वर का वरदान मानी जाती है। ऐसा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- घर में स्थापित देवी-देवताओं को रोज ताजे फूलों से श्रृंगारित करना चाहिए। घर में स्थापित देवी-देवताओं को फूल आदि अर्पित करने से वे प्रसन्न होते हैं व साधक का भाग्य चमका देते हैं।
- अपने निवास में प्रतिदिन सुबह झाड़ू-पोछा करें। शाम के समय घर में झाड़ू-पोछा न करें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी रूठ जाती हैं और आर्थिक हानि का सामना करना पड़ सकता है।
- किसी भी तालाब, झील या नदी में मछलियों को नित्य जाकर आटे की गोलियां खिलाएं। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने का यह बहुत ही अचूक उपाय है। नियमित रूप से जो यह उपाय करता है, कुछ ही दिनों में उसकी किस्मत चमक जाती है।
- जब भी किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए घर से निकलें तो उसके पहले अपने माता-पिता और घर के बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श करें और आशीर्वाद लें। माता-पिता को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। ऐसा करने से सभी विपरीत ग्रह अनुकूल हो जाते हैं और शुभ फल प्रदान करते हैं।
- ध्यान रहे कि जब भी आप घर में प्रवेश करें तो कभी खाली हाथ न जाएं। घर में हमेशा कुछ न कुछ लेकर ही प्रवेश करें, चाहे वह पेड़ का पत्ता ही क्यों न हो।

# भारतीय कूटनीतिक नजरिए से कितना अहम है ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**लेबर पार्टी की यह जीत उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा भी है। लेबर पार्टी को सरकार को नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना भी होगा।**

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनाव के परिणाम ने अचानक मौसम को गरमा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेनवासियों ने एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं। आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें देश के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थलेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरूआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

ताज्जुब वाली बात ये है कि नॉर्थलेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग और समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कइयों की तो जमानत भी जब्त हुई हैं। ब्रिटेन और भारत के मौजूदा चुनाव ने एक बात यह बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं। कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फला समुदाय या मतदाता उनका है।

बहरहाल, ब्रिटेन में चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। नतीजों को लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला।

ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें। हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

